# कर्मचारी निजता नोटिस

## पिछला अपडेट: 30 जून, 2023

इस निजता नोटिस में बताया गया है कि RTX निगम और इसके व्यवसाय खंड, यूनिट, डिविज़न, और किसी भी जगह पर मौजूद काम करने वाली दूसरे सभी निकाय, कर्मचारियों की निजी जानकारी को कैसे इकट्ठा, प्रोसेस, ट्रांसफ़र, शेयर, और सेव करते हैं – इसमें वे नियंत्रित संयुक्त उपक्रम, साझेदारियां, और अन्य व्यवसाय व्यवस्थाएं शामिल हैं जिनमें RTX का नियंत्रित हित है या प्रभावी प्रबंधन नियंत्रण है (सामूहिक रूप से, “RTX” या “हम”)। RTX की पूरी कोशिश रहती है कि कर्मचारी की निजी जानकारी सुरक्षित रहे। “निजी जानकारी” शब्द के बारे में सामान्य कॉर्पोरेट नीति - सेक्शन 24 में बताया गया है।

RTX के काम करने के तरीकों और नीतियों में होने वाले किसी भी बदलाव को बताने के लिए, इस नोटिस में समय-समय पर बदलाव किया जा सकता है। ऐसे बदलावों के बारे में नोटिस, https://home.rtx.com/Data%20Privacy पर पोस्ट करके दिया जाएगा। जिन कर्मचारियों के पास इस साइट का ऐक्सेस नहीं है वे अपने मानव संसाधन (“एचआर”) प्रतिनिधि से नोटिस की एक कॉपी का अनुरोध कर सकते हैं। जब हम इस नोटिस में बदलाव करेंगे, तब RTX कर्मचारियों को इसकी सूचना देंगे। यह नोटिस दुनिया भर में RTX के कर्मचारियों के लिए है। इसलिए, इस नोटिस में बताई गई कुछ कार्यप्रणालियां आप पर लागू नहीं भी हो सकती है। जहां कानून के मुताबिक ज़रूरी हो वहां या स्थानीय या क्षेत्रीय कार्यप्रणालियों को बताने के लिए, किसी स्थानीय नोटिस को इस नोटिस के साथ शामिल किया जा सकता है।

# RTX, कर्मचारियों की कौनसी निजी जानकारी इकट्ठा कर सकता है?

RTX आपकी निजी जानकारी सीधे आपसे या किसी अन्य तरीके से हासिल कर सकता है, जैसे कि पहले के नियोक्ताओं, नौकरी भर्ती संस्थाओं, सार्वजनिक रिकॉर्ड स्रोतों, और अन्य तीसरे पक्षों से। RTX जो निजी जानकारी इकट्ठा करती है वह स्थानीय कानून और कर्मचारी प्रतिनिधि समझौते की ज़रूरी शर्तों के तहत आती है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि नीचे दी गई सूची RTX के सभी कर्मचारियों के लिए है। इसमें ऐसा डेटा शामिल हो सकता है जो आपकी खास स्थिति पर लागू न होता हो। अगर आपका कोई सवाल है, तो कृपया अपने मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें।

- नाम, जिसमें नाम, कुलनाम, मध्यनाम और कोई भी प्रत्यय (जैसे जूनियर या सीनियर) शामिल हैं
- पहचान नंबर (पूरी तरह या आंशिक रूप से), जैसे कि कर्मचारी पहचान संख्या, टैक्स आइडेन्टिफिकेशन नंबर, सोशल सिक्योरिटी/बीमा नंबर या सरकार द्वारा जारी अन्य पहचान नंबर या कार्ड, जैसे कि राष्ट्रीय पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वीज़ा, पासपोर्ट अथवा सरकार द्वारा जारी अन्य दस्तावेज़
- ऑफ़िस की संपर्क जानकारी, जिसमें टेलीफ़ोन नंबर, फ़ैक्स नंबर, ईमेल पता, पेजर नंबर, डाक पता, काम की जगह और ऑफ़िस की जगह शामिल हैं
- घर की संपर्क जानकारी, जिसमें घर का पता, घर का फ़ोन नंबर, निजी मोबाइल फ़ोन नंबर और निजी ईमेल पते शामिल हैं
- पहचान की बुनियादी जानकारी, जैसे कि जन्म की तारीख और लिंग
- ऐसी जानकारी जो आप अपनी मर्ज़ी से अपने बारे में दे पाएं, जैसे कि लिंग की पहचान, यौन रुझान, रिटायरमेंट की स्थिति और अक्षमता की जानकारी
- काम के बारे में अनुभव, शिक्षा और नौकरी का इतिहास, भाषा कौशल, अन्य कौशल श्रेणियां, लाइसेंस, सर्टिफ़िकेट, पुरस्कार, व्यापार संघों या पेशेवर संगठनों की सदस्यता और भागीदारी तथा कोई खास काम करने के लिए अनुमति
- आपकी नौकरी के बारे में जानकारी, जिसमें नौकरी का टाइटल, डिपार्टमेंट, नौकरी वाला प्रकार्य, नौकरी का टाइप, काम का टाइप (ऑनसाइट, हाइब्रिड या रिमोट), नौकरी की कैटगरी/ग्रेड, रोज़गार अनुबंध और लागत केंद्र शामिल हैं
- आपके नियोक्ता के बारे में जानकारी, जिसमें कंपनी का नाम, कंपनी की जगह और कंपनी की स्थापना से जुड़े देश की जानकारी शामिल हो
- संगठन की संरचना वाले चार्ट की जानकारी, जैसे कि आपके सुपरवाइज़र, सहायक और/या जिसे आप सीधे रिपोर्ट करते हैं
- बैज के लिए ज़रूरी जानकारी, जैसे कि फ़ोटो और कुछ जगहें ऐक्सेस करने के लिए आपको मिली अनुमति

- प्रतिफल और बेनिफिट की जानकारी, जिसमें आपके ज़रिए बेनिफिट पाने वालों और आप पर निर्भर लोगों की पहचान का डेटा (जैसे, नाम, जन्म की तारीख, लिंग, सरकारी पहचान नंबर, पता और अन्य ज़रूरी डेटा), और खास बेनिफिट वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी शामिल हो

- प्रशिक्षण, जारी शिक्षा, विकास और परफ़ॉर्मेंस की समीक्षा की जानकारी

- उत्तराधिकार योजना की जानकारी

- RTX का कंप्यूटर, नेटवर्क और संचार जानकारी एवं लॉग, जिसमें कंपनी के फ़ोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक संचार (जैसे ईमेल और इलेक्ट्रॉनिक कैलेन्डर) और अन्य जानकारी तथा संचार टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की जानकारी शामिल है। साथ ही, जिसमें यूज़रनेम/लॉगिन पहचान, पासवर्ड, सुरक्षा प्रश्नों के उत्तर और RTX के ऐप्लिकेशन, नेटवर्क, प्रणालियों और सेवाओं के साथ-साथ, वह जानकारी भी शामिल है जिसे आप RTX के नेटवर्क और सिस्टम के ज़रिए स्टोर करते, भेजते, सबमिट करते या प्राप्त करते हैं

- समय की जानकारी इकट्ठा करने और आवंटन करने की जानकारी

- कार्य आवंटन और कार्य उत्पाद जिसमें आपके साथ कोई संबंध हो सकता है, जैसे कि ऐसे दस्तावेज़ और फ़ाइलें, आप जिनके लेखक के रूप में पहचाने गए हों, और आपको सौंपे गए कार्य

- मुलाकात करने वालों के बारे में जानकारी, जिसमें समय, तारीख, मुलाकात की जगह, पार्किंग के लिए वाहन संबंधी जानकारी और मुलाकात करने वालों के लॉग को तैयार करने और जाँच की ज़रूरी जानकारी

- इवेंट के पंजीकरण की जानकारी, जैसे कि आपको किसी इवेंट में हिस्सा लेना है या नहीं, भोजन से जुड़ी आपकी पसंद और यात्रा से जुड़े प्रबंध

- काम से जुड़ी आपकी पसंद के बारे में जानकारी, जैसे कि यात्रा और जगह से जुड़ी पसंद

- ऐसी जानकारी जो आपको इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के प्रोफ़ाइल में शामिल करनी हो, जिसमें आपके उपनाम, फ़ोटो और पसंद के अलावा और भी चीज़ें शामिल हैं

- आपातकालीन संपर्क जानकारी, जिसमें उस व्यक्ति के बारे में जानकारी शामिल हो सकती है जो संगठन का हिस्सा नहीं हैं, जैसे परिवार के ऐसे सदस्य या दोस्त जिन्हें आपने अपने आपातकालीन संपर्क के तौर पर चुना है

- मानव संसाधन के आवेदनों, पेरोल, यात्रा और खर्चों के हिसाब से ज़रूरी अन्य डेटा, जिसमें बैंक और क्रेडिट कार्ड खाते की जानकारी के अलावा और भी चीज़ें शामिल हैं

स्थानीय ज़रूरी शर्तों और कानून के मुताबिक, RTX यह जानकारी भी इकट्ठा कर सकता है:

- पासपोर्ट की जानकारी, जन्म की जगह, नागरिकता (पहले की और मौजूदा) और निवास की स्थिति

- ऑन-बोर्डिंग के लिए ज़रूरी स्क्रीनिंग, जैसे कि कानों से जुड़ी जांच, चिकित्सा जांच, दवा से जुड़ी स्क्रीनिंग और/या बैकग्राउंड की जांच की जानकारी

- स्वास्थ्य और चोटों के बारे में जानकारी, जैसे कि विकलांगता, बीमारी के लिए छुट्टी, मातृत्व अवकाश और अन्य जानकारी, जो मानव संसाधन और संगठन, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी शर्तों को पूरा करने के लिए ज़रूरी हो सकती है

- सैन्य सेवा की जानकारी

- फ़ोटो, ऑडियो और वीडियो या बायोमेट्रिक की जानकारी (जैसे, फ़िंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन, या आवाज़ की पहचान)

- जगह की जानकारी, जैसे कि ऐसे ऐप्लिकेशन और डिवाइस जिनके लिए ग्लोबल पोज़िशनिंग डेटा ज़रूरी होता है (इसे लोकेशन ट्रैकिंग भी कहा जाता है)

- सुरक्षा से जुड़ी मंज़ूरी या अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुपालन विनियमों के लिए ज़रूरी जानकारी। यह जानकारी आपको कुछ टेक्नोलॉजी का ऐक्सेस देने के लिए ज़रूरी होती है। इसके अलावा, आपसे जुड़ी ऐसी अन्य जानकारी, जैसे कि आपकी नौकरी, यात्रा का इतिहास, निजी और/या पेशेवर संपर्क की जानकारी या ऐसी अन्य जानकारी जो संपर्कों की जाँच के लिए मांगी जा सकती है

- पारिवारिक स्थिति और परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी, जैसे कि शादी की स्थिति, आपके माता-पिता का नाम, शादी से पहले आपका नाम और आप पर निर्भर लोगों के बारे में जानकारी

- अन्य जानकारी जैसे कि जाति, धर्म या राजनीतिक दल या व्यापार/श्रम संघ से संबंध। यह जानकारी स्थानीय कानून के आधार पर इकट्ठा की जा सकती है

जिन देशों में संवेदनशील निजी जानकारी (सामान्य कॉर्पोरेट नीति - सेक्शन 24, प्रमाण 'ए' में बताया गया है) पर विशेष सुरक्षा लागू की जाती है, वहां RTX सिर्फ़ आपकी संवेदनशील निजी जानकारी इकट्ठा, प्रोसेस या ट्रांसफ़र करेगी। ऐसा कानून द्वारा ज़रूरी होने पर या उन परिस्थितियों में किया जाएगा जब आपकी स्पष्ट सहमति के साथ डेटा देना वैकल्पिक है।

## RTX आपकी निजी जानकारी का इस्तेमाल किन उद्देश्यों के लिए कर सकता है?

- आपके रोजगार का प्रबंधन करने के लिए, जिसमें ये शामिल हैं:
  - प्रतिफल और बेनिफिट, जिनमें बेनिफिट वाली योजनाओं को बनाना और उनका प्रबंधन शामिल है
  - पेरोल प्रबंधन, जैसे कि कटौतियों और योगदानों के लिए
  - कैरियर विकास, परफ़ॉर्मेंस फ़ीडबैक और प्रगति
  - पुरस्कार और सम्मान
  - समय की जानकारी इकट्ठा करना और आवंटन करना
  - यात्रा और खर्चों की राशि वापस पाना, जिसमें यात्रा और/या क्रेडिट कार्ड के प्रबंधन की जानकारी शामिल है
  - ट्रेनिंग

- ट्रांसफ़र, असाइनमेंट के पत्र, प्रवासी कर्मचारियों के लिए दस्तावेज़, वीज़ा, लाइसेंस और काम करने का अधिकार देने वाली अन्य अनुमतियां
- टैक्स की रिपोर्टिंग और उस पर रोक लगाना
- कर्मचारी और अधिकारी की जीवनी, बायोडेटा और इसी तरह की जानकारी का रखरखाव करना
- ईमेल सिस्टम और संगठन की संरचना का चार्ट

- स्टाफ़ और उत्तराधिकार योजना बनाने के लिए
- कारोबार का नियमित संचालन करने के लिए, जिसमें बिना किसी सीमा के ये शामिल हैं:
  - रिसर्च में शामिल होना
  - प्रॉडक्ट, सेवाएं और टेक्नोलॉजी डिज़ाइन करना और डेवलप करना
  - लागत और खर्चों का आकलन करना, जिसमें बिना किसी सीमा के वेतन और यात्रा और खर्च से जुड़ा डेटा शामिल है
  - ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ जानकारी शेयर करना (ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ शेयर की गई जानकारी, काम के उद्देश्यों के लिए ज़रूरी डेटा तक सीमित है, जैसे कि व्यवसाय की संपर्क जानकारी)
- स्वास्थ्य या सुरक्षा के जोखिम वाली स्थिति, जिसमें आपात स्थिति भी शामिल है, को प्रतिभाव देने के लिए
- कर्मचारियों के लिए सूचना और नोटिस का प्रबंधन करने के लिए
- कर्मचारी की भागीदारी वाले सर्वे और चैरिटी कैंपेन चलाने के लिए
- श्रमिक और कर्मचारी संबंधों के प्रबंधन के लिए, जिसमें शिकायतों का निपटारा शामिल है
- आरोग्य और सुरक्षा कार्यक्रमों एवं सेवाओं के योजना निर्माण और उन्हें प्रदान करने के लिए, जिसमें ड्रग्स के लिए जाँच, कर्मचारियों के लिए प्रतिफल और इसी तरह के अन्य स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रमों को प्रोसेस करना शामिल हैं
- रिपोर्टिंग और आकंड़ों के आकलन के लिए, जिसमें ये शामिल हैं:
  - ग्लोबल एंटरप्राइज़ हेडकाउंट
  - विविधता, समानता और समावेशन का आकलन
  - जनसांख्यिकी और लागू कानून द्वारा ज़रूरी रिपोर्टिंग, जैसे कि काम करने के अधिकार की जाँच, ऑफ़िस का माहौल, स्वास्थ्य और सुरक्षा रिपोर्टिंग और संचालन
- भौतिक सुरक्षा का प्रबंधन करने के लिए, जिसमें ये शामिल हैं:
  - ऐक्सेस कंट्रोल और सुरक्षा

- सुविधा का ऐक्सेस और सुरक्षा
- आपदा के लिए तैयारियां

- डिजिटल टेक्नोलॉजी वाले सिस्टम का प्रबंधन और उनकी सुरक्षा करने के लिए, जैसे कि कंप्यूटर नेटवर्क, ईमेल, इंटरनेट ऐक्सेस, एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग (“ERP”) सिस्टम और वर्कफ़्लो, जिनमें ये शामिल हैं:

  - कम्प्यूटर और अन्य प्रणालियों के लिए ऐक्सेस नियंत्रण और सुरक्षा
  - इंटरनेट, इंट्रानेट, ईमेल, सोशल मीडिया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम ऐक्सेस
  - वायरस, अतिक्रमण और इन्साइडर खतरे के लिए स्कैन और विश्लेषण
  - सुरक्षा और हेल्पडेस्क के उद्देश्यों से लॉग्स बनाना और उनका विश्लेषण
  - हेल्पडेस्क सहायता देना और सिस्टम के रखरखाव वाली गतिविधियां करना
  - डेटा को बैक अप और रिकवर करना और दुर्घटना से उबरने की सेवाएं प्रदान करना

- प्रदान की गई सेवाओं, बचाव, सुरक्षा और कुशलता के प्रबंधन के लिए, लोकेशन ट्रैकिंग, अवधि और RTX की कुछ खास परिसंपत्तियों और ऐप्लिकेशन के अन्य टेलिमैटिक्स

- आयात, निर्यात और अन्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रणों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जिसमें पंजीकरणों और अधिकृतियों का प्रबंधन, नियंत्रित टेक्नोलॉजियों और/या वस्तुओं को ऐक्सेस का निर्धारण और प्रतिबंधित या सीमित देशों या पक्षों के लिए जाँचें शामिल हैं

- RTX के लोकपाल कार्यक्रम में सबमिट किए गए सवालों का जवाब देने के लिए

- लागू नीति, विनियम और कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु लेखा परीक्षण और अनुपालन समीक्षाएं करने के लिए

- हितों का टकराव का मूल्यांकन और उसकी रिपोर्ट करने के लिए

- आंतरिक और बाहरी जांचों का संचालन और प्रबंधन करने के लिए, जिसमें कानूनी, वैश्विक नीति और अनुपालन और अतंर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन समीक्षाओं सहित इनकी वजह से सरकारी एजेंसियों के सामने हुआ कोई प्रकटन शामिल है

- मुकदमे, मध्यस्थता, प्रशासनिक या विनियामक कार्रवाइयों में दावों पर अभियोग चलाने और उनका बचाव करने के लिए, जिनमें विवाद-पूर्व गतिविधि, साक्ष्य इकट्ठा करना, जानकारी पाना, कानूनी कार्रवाई को रोका जाना और ई-डिस्कवरी प्रयास शामिल हैं, लेकिन यह इन तक सीमित नहीं है

- कानून प्रवर्तन और अन्य सरकारी पूछताछ को प्रतिभाव देने के लिए

- बौद्धिक संपदा अधिकारों का संरक्षण करने के लिए, जिसमें पेटेन्ट फ़ाइलिंग शामिल हैं, लेकिन यह इन तक सीमित नहीं है

- व्यावसायिक योजनाओं के लिए, जिनमें विलयन, अधिग्रहण और विनिवेश के लिए आयोजन शामिल है

- उन कर्मचारियों के लिए निवेशक प्रबंधन गतिविधियों को आसान बनाने के लिए जिनके पास RTX स्टॉक के अधिकार हो सकते हैं

- जैसा कि लागू कानून के तहत आवश्यक हो या स्पष्टतः अधिकृत हो

# RTX इकट्ठा की गई जानकारी को किसके साथ शेयर करता है?

कर्मचारी की निजी जानकारी के लिए आंतरिक ऐक्सेस ज़रूरत के मुताबिक दिया जाता है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में कंपनी के अंदर मानव संसाधन और पेरोल पेशेवरों के पास अपनी ज़िम्मेदारी वाले क्षेत्रों से जुड़ी निजी जानकारी का ऐक्सेस होता है। दुनिया भर में मानव संसाधन कार्यक्रमों के लिए अपनी ज़िम्मेदारियों की वजह से, कुछ सीमित लोगों के पास RTX के कुछ डिजिटल टेक्नोलॉजी वाले सिस्टम में मौजूद सभी निजी जानकारी का ऐक्सेस होता है। मैनेजर और सुपरवाइज़र के पास अपने कर्मचारियों के काम से जुड़ी जानकारी का ऐक्सेस होता है। हालांकि, उनके पास सभी निजी जानकारी का ऐक्सेस नहीं होता।

ऊपर बताए गए कामों के लिए दुनिया भर में RTX की कंपनियों, अनुषंगी कंपनियों, डिवीज़नों या समूहों द्वारा निजी जानकारी का इस्तेमाल और उसे शेयर किया जाता है। हम आपकी कारोबारी संपर्क जानकारी को ग्राहकों, संभावित ग्राहकों और कारोबारी भागीदारों के साथ शेयर कर सकते हैं, ताकि कारोबार के नियमित काम करने में मदद मिल सके। जब RTX आपकी निजी जानकारी को अपने कारोबारों के बीच ट्रांसफ़र करती है, तो यह लागू कानून और RTX के कॉर्पोरेट पॉलिसी मैन्युअल के मुताबिक किया जाता है। इस मैन्युअल में RTX के ज़रूरी कॉर्पोरेट नियम शामिल हैं, जो सामान्य कॉर्पोरेट नीति - सेक्शन 24 में दिए गए हैं।

RTX, लागू कानून के हिसाब से तीसरे पक्षों, सरकारी एजेंसियों और अन्य संगठनों को व्यक्तिगत जानकारी का ऐक्सेस दे सकती है या उसे शेयर कर सकती है। जैसे, विश्वसनीय सेवा प्रदाताओं, सलाहकारों, और उन ठेकेदारों को जिन्हें RTX की सुविधाओं या सिस्टम का ऐक्सेस दिया गया हो। RTX आपकी जानकारी को RTX की कंपनियों के समूह के बाहर सिर्फ़ इनके साथ शेयर करेगी:

- सेवा देने वाली वे सभी कंपनियां जिन्हें RTX ने हमारी तरफ से सेवाएं देने के लिए रखा है। उन मामलों में, RTX सिर्फ़ ऊपर बताए गए कामों के लिए सेवा देने वाली कंपनियों के साथ जानकारी शेयर करेगी। RTX आपकी निजी जानकारी को सेवा देने वाली इन कंपनियों के साथ शेयर कर सकती है: मानव संसाधन सूचना आवेदन (जैसे कि Workday); पेरोल देने वाली कंपनियां; बेनिफिट और बेनिफिट के प्रबंधन की सेवा देने वाली कंपनियां; ऑनलाइन और लाइव ट्रेनिंग सेवाएं; पेशेवर डेवलपमेंट सेवा देने वाली कंपनियां; डिजिटल आउटसोर्सिंग (जिसके पास इंसिडेंटल ऐक्सेस हो); भर्ती और हुनर विकास की सेवा देने वाली कंपनियां; और अन्य सेवा देने वाली ऐसी कंपनियां जो आपके रोज़गार का प्रबंधन करने के लिए ज़रूरी हों। इन सेवा प्रदाताओं को जानकारी का इस्तेमाल या खुलासा करने से अनुबंधित रूप से प्रतिबंधित किया गया है। ये सिर्फ उस संदर्भ में जानकारी का खुलासा कर सकते हैं जिसमें हमारी ओर से सेवा देने के लिए या कानूनी आवश्यकताओं के लिए यह ज़रूरी हो

- कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए, जिसमें कर और नियामक दायित्वों का पालन करना, श्रम/ट्रेड यूनियनों और कार्य परिषदों के साथ डेटा शेयर करना, और अदालती कार्यवाही या कानून प्रवर्तन अधिकारियों या अन्य सरकारी नियामकों से वैध कानूनी अनुरोध का जवाब देना शामिल है। साथ ही, इसमें कुछ और कानूनी दायित्व भी शामिल हो सकते हैं

- संदिग्ध या वास्तविक नीति, नैतिकता या अनुपालन के उल्लंघन या अवैध गतिविधि की जांच करने के लिए
- शारीरिक नुकसान को रोकने और कर्मचारियों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए
- हमारे व्यवसाय या संपत्ति को समग्र रूप से या उसके हिस्से को बेचे या स्थानांतरित किए जाने का समर्थन करने के लिए, जिसमें दिवाला निकालना शामिल है।

## RTX आपकी निजी जानकारी कहां स्टोर करती है?

RTX एक वैश्विक कंपनी है, जो कई देशों में स्थित है, हम आपकी जानकारी को ऊपर बताए गए उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक कानूनी निकाय से दूसरे में या एक देश से दूसरे में ट्रांसफर कर सकते हैं। इसमें, अन्य देशों में मौजूद हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ इस जानकारी को शेयर करना भी शामिल हो सकता है। इन देशों में, कम से कम, संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको, कनाडा, यूरोप के कई देश तथा एशिया, अफ़्रीका और मध्य पूर्व के कुछ देशों सहित अन्य देश शामिल हैं (ये देश कितने भी हो सकते हैं)। हम आपकी निजी जानकारी को लागू कानूनी आवश्यकताओं के हिसाब से ही ट्रांसफर करेंगे और केवल उस सीमा तक करेंगे जितना कि ऊपर बताए गए उद्देश्यों के लिए आवश्यक हो।

RTX एक देश से दूसरे में आपकी निजी जानकारी को ट्रांसफ़र करने के लिए उपलब्ध कानूनी तंत्र पर निर्भर करती है। इसके अलावा, कानून की ज़रूरी शर्तों के हिसाब से सही स्तर की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। उस सीमा तक जहां तक कि RTX स्थानांतरण को अधिकृत करने के लिए मानक अनुबंध की शर्तों (जिन्हें मानक शर्तें भी कहा जाता है) या बंधनकर्ता कॉर्पोरेट नियमों पर निर्भर करती है, RTX उन आवश्यकताओं का अनुपालन करेगी। इसमें वे मामले भी शामिल हैं, जहाँ उन आवश्यकताओं और इस नोटिस के बीच टकराव होता हो। RTX के बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियमों को पढ़ने के लिए, कृपया http://www.rtx.com/privacy पर मौजूद ड्रॉपडाउन मेन्यू का इस्तेमाल करें।

## RTX किस तरह से आपकी निजी जानकारी को इस्तेमाल करे, इसके लिए आपके पास कौनसे विकल्प हैं?

आपकी निजी जानकारी, दुनिया भर में मानव संसाधन प्रबंधन के लिए RTX के लिए बहुत ज़रूरी है. नतीजतन, तब तक जब तक कि यह स्थानीय कानून, सामूहिक सौदेबाजी या RTX द्वारा सहमत कार्य परिषद प्रतिबंध के विपरीत न हो, इस नोटिस में बताई गई आपकी निजी जानकारी का इकट्ठा करना और उसका इस्तेमाल करना आम तौर पर आपके रोज़गार के लिए ज़रूरी होता है। आपको भुगतान करने, आपके रोज़गार का प्रबंधन करने और टैक्स कानूनों और अनुपालन विनियमों जैसी कानूनी ज़रूरतों का पालन करने के लिए आपकी निजी जानकारी की ज़रूरत होती है।

आप जिस जगह काम करते हैं, उसके मुताबिक स्थानीय कानूनों के हिसाब से आपको कुछ परिस्थितियों में निजी जानकारी के संग्रह, उपयोग और/या प्रकटीकरण के लिए खास सहमति देने की ज़रूरत हो सकती है। ज़रूरी होने पर, RTX उचित और अनुमत माध्यमों से ऐसी सहमति मांगेगी।

## RTX निजी जानकारी को कितने समय तक अवधारित करती है?

RTX, मानव संसाधन की आपकी निजी जानकारी को आपके रोज़गार की अवधि तक सेव रखती है। साथ ही, यह इसे उस अवधि के लिए भी सेव करती है जो लागू नियम या विनियम, अदालत, प्रशासनिक या मध्यस्थता प्रक्रिया या लेखा परीक्षण के लिए ज़रूरी है। अपनी मानव संसाधन जानकारी के सेव होने के बारे में ज़्यादा सटीक जानकारी पाने के लिए, कृपया अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करें।

इसके अलावा, RTX उस डेटा को भी सेव रख सकती है जो कारोबार और कानूनी उद्देश्यों के लिए आवश्यक है, जैसे यह और इसके अलावा अन्य डेटा: (a) जो वैध कारोबारी उद्देश्यों के लिए आवश्यक है, उदाहरण के लिए ग्राहकों, प्रॉडक्ट, सेवाओं, टेक्नोलॉजी, व्यापार भागीदारों से जुड़ी काम की फ़ाइलें और काम से जुड़े अन्य प्रयास जिनमें संयोग से आपके बारे में जानकारी हो सकती है; (b) जिसे आपने साझा स्टोरेज वाली जगहों पर सेव किया है, जो लागू प्रतिधारण अवधि के अधीन है; (c) कोई सक्रिय कानूनी जांच, न्यायिक या प्रशासनिक कार्यवाही, लेखा परीक्षा या अन्य कानूनी आवश्यकता से जुड़ा डेटा; और (d) जिसे RTX को एक संविदात्मक, कानूनी, नियामक या ऑडिट दायित्व के तहत बनाए रखने की ज़रूरत है।

## खास कर्मचारियों को कौनसी अतिरिक्त जानकारी पता होनी चाहिए?

**ईयू, यूके और डेटा निजता कानून वाले अन्य देशों के निवासी:** आपके पास अपनी निजी जानकारी के ऐक्सेस, उसमें सुधार या उसे हटाए जाने की मांग करने, कुछ खास निजी जानकारी के संसाधन पर प्रतिबंध या उसमें अपवाद की मांग करने और कुछ परिस्थितियों में उसकी पोर्टेबिलिटी की मांग करने का भी अधिकार है। RTX से ऐक्सेस की मांग करने, सुधार करने, हटाने या नियंत्रण या पोर्टेबिलिटी खोजने के बारे में संपर्क करने के लिए कृपया इस नोटिस के अंत में दिए गए संपर्क के तरीकों का इस्तेमाल करें। आपको अपने राष्ट्रीय या राज्य डेटा संरक्षण प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करने का भी अधिकार है, जिसे पर्यवेक्षी प्राधिकरण के रूप में भी जाना जा सकता है। आपको एक पूरक जानकारी भी प्रदान की जा सकती है जो आपके राष्ट्रीय या स्थानीय सरकारी नियामक की संपर्क जानकारी देती है। अगर आपको अपने डेटा सुरक्षा प्राधिकरण की पहचान करने में मदद चाहिए, तो अपने निजता पेशेवर या डेटा सुरक्षा अधिकारी (https://home.rtx.com/Data%20Privacy पर सूचीबद्ध) से संपर्क करें।

**अमेरिका के निवासियों के लिए:** RTX वहां सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा करती है जहां कानूनन ऐसा करना ज़रूरी होता है, जैसे कि टैक्स और पेरोल से जुड़े उद्देश्यों के लिए। जब RTX सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा और/या इस्तेमाल करती है, तब RTX गोपनीयता की सुरक्षा करती है, एकत्रीकरण को सीमित करती, सुनिश्चित करती है कि ऐक्सेस आवश्यकतानुसार ही किया जाए, सुरक्षा के ज़रूरी इंतज़ाम करती है और उपयुक्त निपटान सुनिश्चित करती है।

**कैलिफ़ोर्निया के निवासी:** *कैलिफ़ोर्निया शाइन द लाइट लॉ:* कैलिफ़ोर्निया के निवासी वार्षिक रूप से पिछले कैलेंडर वर्ष की उस जानकारी को मांग सकते हैं और उसे प्राप्त कर सकते हैं जो कि अन्य व्यवसायों के साथ उनके खुद के मार्केटिंग इस्तेमाल के लिए साझा की जाती है। RTX आपकी निजी जानकारी को अन्य व्यवसायों के साथ उनके खुद के मार्केटिंग इस्तेमाल के लिए साझा नहीं करती है।

*कैलिफ़ोर्निया उपभोक्ता गोपनीयता अधिनियम:* कैलिफ़ोर्निया के निवासियों के पास अधिकार है कि*:*

- वे अपने बारे में हमारे पास मौजूद निजी जानकारी को मांग सकें। इसमें जानकारी के वर्ग, उसके इस्तेमाल का उद्देश्य शामिल है। इसके अलावा, हम उसे किसके साथ शेयर करते हैं और हमारे पास विशेष रूप से आपके बारे में कौनसी जानकारी है, उसका विवरण मांगना भी शमिल है;
- आपका डेटा मिटा दिया जाए इसकी मांग करना; और
- वे किसी कंपनी को आपका डेटा न बेचने के निर्देश दें, लेकिन क्योंकि RTX निजी जानकारी को नहीं बेचती है, इसलिए यह निर्देश लागू नहीं होता है।

अगर आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं और आपको अपने अधिकारों का इस्तेमाल करना है, तो आपको 1-833-882-0003 पर कॉल करके या privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल करके RTX से संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा, अपने निजता पेशेवर को भी ईमेल किया जा सकता है। कृपया अपना नाम बताएं, RTX को आपसे संपर्क करने के एक तरीके की जानकारी (जैसे कि ईमेल पता या टेलीफ़ोन नंबर) दें, ताकि हम आपके अनरोध का जवाब दे सकें। इसके अलावा, आपके साथ हमारे संबंध के प्रकार के बारे में जानकारी दें (जैसे कि आप हमारी वेबसाइट पर बस एक विज़िटर हैं या शेयरधारक हैं) और आपको हमसे जो कार्रवाई करवानी है उसके बारे में जानकारी दें। आपकी मांग के आधार पर हम यह निर्धारित करने के लिए जांच करेंगे कि क्या हमारे पास आपकी कोई निजी जानकारी है। अगर हमारे पास आपकी निजी जानकारी है (आपके अनुरोध में प्रदान की गई जानकारी के अलावा), तो हम पहले से मौजूद उस निजी जानकारी के आधार पर आपकी पहचान की पुष्टि करने की कोशिश करेंगे; हम जिस डेटा का अनुरोध करेंगे वह आपके बारे में हमारे पास पहले से मौजूद निजी जानकारी की प्रकृति पर निर्भर करेगा। आपकी पहचान की पुष्टि करने के बाद, हम आपको एक जवाब देंगे। इस जवाब में यह जानकारी दी गई होगी कि हम आपके अनुरोध को कैसे पूरा करेंगे या हम आपके अनुरोध को पूरा क्यों नहीं कर सकते।

**ऑस्ट्रेलिया के निवासियों के लिए:** ऑस्ट्रेलिया में RTX का हर निकाय एक "ऐप्लिकेशन निकाय" है, जिस पर प्राइवेसी ऐक्ट 1988 (कॉमनवेल्थ ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया) ("ऑस्ट्रेलियन प्राइवेसी ऐक्ट") के प्रावधान लागू होते हैं। इस नोटिस में RTX के लिए रेफ़रंस, इसकी ऑस्ट्रेलियाई अनुषंगी कंपनियों के उन कामों और कार्यप्रणालियों से भी संबंधित हैं जिनके ज़रिए वे ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी इकट्ठा, प्रबंधित और ज़ाहिर करती हैं। जब ऑस्ट्रेलिया की सहायक कंपनी, नोटिस में बताई गई किसी वजह से विदेशी प्राप्तकर्ता के साथ ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी ज़ाहिर करती है, तो उसे यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे कि विदेशी प्राप्तकर्ता उस जानकारी से संबंधित ऑस्ट्रेलियन प्राइवेसी ऐक्ट का उल्लंघन न करें। अगर आपको सामान्य तौर पर RTX की निजता बनाए रखने के तरीकों के बारे में कोई सवाल पूछना है या आपको कोई शिकायत करनी है, तो ऑस्ट्रेलिया के निवासी अपनी निजी जानकारी ऐक्सेस करने, उसे सही करने या अपडेट करने के लिए, privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल कर सकते हैं। अगर जवाब देने में 30 दिन से ज़्यादा समय लगता है या नतीजों से आप संतुष्ट नहीं हैं, तो आपके पास ऑस्ट्रेलियन इन्फ़ॉर्मेशन कमीशनर के ऑफ़िस में प्राइवेसी कमीशन से शिकायत करने का विकल्प होता है। शिकायत जीपीओ बॉक्स 5218, सिडनी एनएसडब्ल्यू 2001 पर डाक भेजकर, 1300 363 992 पर कॉल करके या enquiries@oaic.gov.au पर ईमेल भेजकर की जा सकती है।

**कर्मचारी, जो परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के बारे में जानकारी देते हैं:** आपातकालीन संपर्क जानकारी के लिए, उपलब्ध बेनिफिट से आश्रितों को भी कवर करने के लिए और लाभार्थियों की पहचान करने के लिए, आपके पास RTX को परिवार के सदस्यों और आपसे जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी देने का विकल्प चुनने का अधिकार है। RTX को वह जानकारी देने से पहले, आपको यह पक्का करना होगा कि आपके पास ऐसा करने का कानूनी अधिकार है। जिस हद तक आप नाबालिग बच्चों के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में जानकारी देते हैं, जानकारी देने के लिए आपकी पसंद इस सहमति का प्रतिनिधित्व

करती है कि RTX उन उद्देश्यों के लिए जानकारी इकट्ठा, प्रोसेस और ट्रांसफ़र कर सकती है जिनके लिए सहमति दी गई थी और जैसा इस नोटिस में तय किया गया था।

# अपनी निजी जानकारी को ऐक्सेस करने, सही करने, बदलने या मिटाने या कॉपी बनाने का तरीका क्या है?

RTX यह सुनिश्चित करने की उचित कोशिश करती है कि आपकी निजी जानकारी वर्तमान समय की हो, सटीक हो और पूरी हो। RTX समय-समय पर आपसे आपकी निजी जानकारी की सटीकता की पुष्टि करने या उसे अपडेट करने या अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए कह सकती है।

कई लोगों के पास RTX के अलग-अलग एचआर सिस्टम में सेव अपनी अधिकांश निजी जानकारी का सीधा ऐक्सेस होता है और वे उस ऐक्सेस का इस्तेमाल करके अपनी निजी जानकारी ऐक्सेस कर सकते हैं, सही कर सकते हैं, बदल सकते हैं, हटा सकते हैं या कॉपी कर सकते हैं। अनुरोध करने पर, RTX लोगों को निजी जानकारी का उचित ऐक्सेस दे सकती है, जो सामान्य तौर पर नहीं मिलता। वे व्यक्ति जिनके पास सीधा ऐक्सेस नहीं है या जो अतिरिक्त ऐक्सेस चाहते हैं, उन्हें अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करना चाहिए। मानव संसाधन डेटा के अलावा अपनी निजी जानकारी से जुड़े अनुरोध करने के लिए, सहायता हेल्पलाइन, अपने नैतिकता और अनुपालन अधिकारी, अपने डेटा की सुरक्षा करने वाले अधिकारी या निजता के विशेषज्ञ से संपर्क करें. ज़्यादा जानकारी के लिए नीचे पढ़ें. ऐक्सेस पाने, जानकारी में सुधार करने, उसमें बदलाव करने, उसे मिटाने या उसकी कॉपी मांगने के अनुरोधों को पूर्ण या आंशिक रूप से अस्वीकार करने की कानूनी या अन्य वजहें हो सकती हैं।

# आप RTX से किस तरह से संपर्क कर सकते हैं?

अगर निजी जानकारी के बारे में आपका कोई सवाल है या आपको इस बारे में ज़्यादा जानकारी चाहिए कि RTX के कौनसे निकाय आपकी निजी जानकारी का डेटा कंट्रोल करते हैं, तो आपको अपने स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, स्थानीय नैतिकता और अनुपालन अधिकारी, सहायता हेल्पलाइन या अपने निजता विशेषज्ञ या डेटा की सुरक्षा करने वाले अधिकारी से संपर्क करना चाहिए। संपर्क जानकारी यहां दी गई है:

| | |
|---|---|
| स्थानीय एचआर | अपने नियमित आंतरिक चैनलों का इस्तेमाल करके संपर्क करें |
| स्थानीय ईसीओ | https://home.rtx.com/Functions/Legal-Contracts-and-Compliance/GEC/ECO |
| सहायता हेल्पलाइन | अमेरिका और कनाडा में: 1-800-423-0210 या https://rtxspeakuphelpline.webline.sai360.com/ |
| | यूएस और कनाडा के बाहर: https://rtxspeakuphelpline.webline.sai360.com/ |

| | |
|---|---|
| निजता विशेषज्ञ और डेटा की सुरक्षा करने वाले अधिकारी | https://home.rtx.com/Data%20Privacy |
| निजता ऑफ़िस | privacy.compliance@rtx.com |
| मेल | RTX, Attention: Privacy Office<br>10 Farm Springs Road<br>Farmington, CT 06032 USA |